संख्या- ए. 20011/04 (क)/ 2021- हिन्दी

भारत सरकार, गृह मंत्रालय

समन्वय निदेशालय (पुलिस बेतार)

खंड-9, कें.स. का. परिसर

लोधी रोड, नई दिल्ली -3

दिनांक- 11 नवम्बर, 2021

कार्यालय ज्ञापन

विषय: अपना सम्पूर्ण कार्य हिंदी में करने हेतु नामित अनुभाग ।

भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, द्वारा वर्ष 2021-22 हेतु जारी वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्य के अनुसार कार्यालयों के 40% अनुभागों को हिंदी में अपना सम्पूर्ण कार्य करने हेतु नामित किया जाना अपेक्षित है। इसके अनुपालन में समन्वय निदेशालय पुलिस बेतार के 14 अनुभागों (केन्द्रीय पुलिस रेडियो प्रशिक्षण संस्थान और पोलनेट हब सहित) में से 5 अनुभागों को नामित किया जाना अपेक्षित है।

2. समन्वय निदेशालय पुलिस बेतार के सितंबर 2020 की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक में निदेशालय के दो अनुभाग- प्रशासन अनुभाग एवं क्रय अनुभाग अपना सम्पूर्ण कार्य हिंदी में करने हेतु पहले से ही नामित हैं।

3. राजभाषा विभाग, भारत सरकार द्वारा उपरोक्त पैरा एक में निर्धारित लक्ष्य के अनुसरण में और समन्वय निदेशालय पुलिस बेतार के सितम्बर 2021 की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक में लिए गए निर्णय के अनुपालन मे इस निदेशालय के **भंडार अनुभाग** और संचार अनुभाग के अंतर्गत कार्यरत यूनिट **संचार केन्द्र** को अपना सम्पूर्ण कार्य हिंदी में करने हेतु नामित किया जाता है।

4. यह निदेशक महोदय के अनुमोदन से जारी किया गया है।

11.11.2021

(डॉ. राजीव कुमार सिंह)

सहायक निदेशक (राजभाषा)

प्रतिलिपि

1. निदेशक महोदय के प्रधान वैयक्तिक सचिव : सादर सूचनार्थ
2. सभी संयुक्त निदेशक/उप निदेशक।
3. सभी अनुभाग अधिकारी/सहायक निदेशक।
4. उप निदेशक, पोलनेट हब स्टेशन, समन्वय सदन, सिरी गांव, नई दिल्ली
5. सहायक निदेशक, केंद्रीय पुलिस रेडियो प्रशिक्षण संस्थान, वन्दे मातरम् मार्ग, नई दिल्ली
6. स.नि. सूचना और प्रौद्योगिकी - विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
7. गार्ड फाइल